तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

10 छात्र-छात्राओं को बताए कानूनी अधिकार...



12 करवा चौथ 29 को, बाजारों में सजीं पूजन व श्रृंगार ...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
27 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
9

कलेक्टर के निर्देश के बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं हुई शुरू, गड्ढों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहर की जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। मानसून की विदाई और बरसात समाप्त हुए करीब एक माह बीत चुका है, लेकिन बलौदाबाजार शहर सहित जिले की कई खराब सड़कों की मरम्मत शुरू नहीं हो सकी है। इससे लोक निर्माण विभाग और अन्य निर्माण एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शहर के बिलासपुर मार्ग पर करही चौक से शिवनाथ नदी तक, भाटापारा रोड तथा कई अंदरूनी सड़कों की हालत खराब बताई जा रही है। सड़कों पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इन मार्गों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर प्रमुख सड़कों की मरम्मत करानी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने सड़कों की बदहाली पर चिंता जताते हुए कहा कि कलेक्टर के निर्देश के बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खराब सड़कों, गड्ढों और धूल के कारण शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को मामले में तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय करनी चाहिए तथा मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू कराना चाहिए।

करही चौक-शिवनाथ नदी मार्ग और भाटापारा रोड की बदहाली बरकरार



निर्देशों के पालन का इंतजार

शहरवासियों को उम्मीद थी कि बारिश समाप्त होते ही सड़कों के सुधार का काम शुरू हो जाएगा, लेकिन अब तक स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं दिख रहा है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी और अन्य निर्माण एजेंसियों को जर्जर सड़कों की स्थिति का आकलन कर मरम्मत कार्य में तेजी लाने की जरूरत है, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।



खबर संक्षेप

जिले के प्रतिभावान छात्रों को मिलेगी नीट और जेईई की कोचिंग

बलौदाबाजार। जिले के प्रतिभावान और जरूरतमंद विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक सराहनीय कदम उठाया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की विशेष पहल पर प्रशासन द्वारा मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग (जेईई) जैसी देश की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले के योग्य छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को बड़े कोचिंग संस्थानों जैसी उच्चस्तरीय तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना है। इस निःशुल्क कोचिंग मे प्रवेश के लिये कक्षा 12वीं विज्ञान या गणित विषय के साथ उत्तीर्ण कर चुके जिले के प्रतिभावान एवं जरूरतमंद छात्र पात्र होंगे। कोचिंग मे कुल 50 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।कोचिंग में प्रवेश के लिए एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इच्छुक छात्र अपना आवेदन ⏭ शेष पेज 11 पर

कार्रवाई : रात की नाकाबंदी में इनोवा कार सहित 6.154 किलो गांजा जब्त

कार से गांजा तस्करी कर रहे 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ओडिशा से इनोवा कार के जरिए गांजा तस्करी कर दुर्ग-भिलाई खपाने जा रहे दो शातिर तस्कर सुरेश सिंह पिता मुनेश्वर सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी घासीदास नगर दुर्ग, राजेश साहू पिता बलिराम साहू, उम्र 56 वर्ष, निवासी घासीदास नगर दुर्ग को रात्रि कालीन नाकाबंदी के दौरान धर दबोचा। आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाने और जान से मारने की नीयत से टक्कर मारने का गंभीर प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस ने रात के अंधेरे में कड़ी घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 किलो 154 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा और तस्करी में प्रयुक्त इनोवा कार जब्त की है।



दुर्ग और राजनांदगांव में खपाने की थी योजना

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ओडिशा से गांजा लाकर छत्तीसगढ़ के रास्ते दुर्ग और राजनांदगांव क्षेत्र में खपाने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से गांजा, इनोवा कार और अन्य साक्ष्य जब्त कर लिए हैं ।दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर ⏭ शेष पेज 11 पर

गाड़ी में छिपाकर ले जाया जा रहा था गांजा

ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि पुलिस टीम ने रात में सख्त नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान संदेहास्पद इनोवा कार (क्रमांक सीजी 04 एलवी 2454) को रोकने का प्रयास किया गया तो तस्करों ने पुलिस वाहन को टक्कर मारकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वाहन की तलाशी ली, तो उसके अंदर से सेलोटेप से लपेटकर छिपाए गए अवैध गांजा के पैकेट बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल करने पर कुल 6 किलो 154 ग्राम गांजा पाया गया।

दो किलो गांजा और नशीली गोलियां जब्त

तिल्दा-नेवरा। तिल्दा नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन निश्चय' के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने देवारपारा स्थित एक खंडहर भवन के पास झाड़ियों में छिपाकर रखे गए 2 किलोग्राम गांजा, 30 नग नशीली टेबलेट और एक बटनदार गुप्तीनुमा चाकू बरामद किया है। मामले में 20 वर्षीय आरोपी दिनेश कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं, 24 पौव्वा देसी मसाला शराब के साथ एक महिला आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी भी सामने आई है।

पुलिस के अनुसार, तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र ⏭ शेष पेज 11 पर



आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

पकड़े गए आरोपी की पहचान दिनेश कुमार वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम घुलघुल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी), 22(सी) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया।

महिला सरपंच से कथित मारपीट का मामला सरपंच संघ ने एसपी से की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत रवान की महिला सरपंच श्रीमती निकिता भारती के साथ कथित मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज के मामले में सरपंच संघ ने पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा को ज्ञापन सौंपकर उचित वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। संघ ने ग्राम पंचायत के उपसरपंच रोहित वर्मा पर 20 अक्टूबर की रात घर में घुसकर मारपीट करने और जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है।सरपंच संघ का कहना है कि 26 अक्टूबर तक मामले में हुई कार्रवाई से वह संतुष्ट नहीं है। संघ ने आरोप लगाया कि प्रकरण में लगाई गई धाराएं घटना की कथित गंभीरता के अनुरूप नहीं हैं। ⏭ शेष पेज 11 पर

- रवान के उपसरपंच पर घर में घुसकर मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का आरोप



जिले भारी बारिश की चेतावनी, प्रशासन अलर्ट, किसानों और पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में आगामी दिनों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसे दृष्टिगत रखते हुए अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपदा से निपटने जिलों की तैयारी की समीक्षा की और जरुरी निर्देश दिये।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव का आकलन कर आवश्यक तैयारी करें ताकि जीरो केजुअल्टी हो। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा जलाशयों के सम्बन्ध मे एडवाईजरी जारी किया गया है। इसको ध्यान मे रखते हुए होम गॉर्ड, एस डीआरएफ, पुलिस,राजस्व,चिकत्सा विभाग के अधिकारियो को अलर्ट रखें।

बारिश या बाढ़ से स्कूल एवं आंगनबाड़ी को बंद करने की स्थिति होने पर आवश्यक कार्यवाही करें। बिजली,दूर संचार एवं चिकित्सा व्यवस्था तत्काल उपलब्ध हो। पेड गिरने पर तत्काल हटाने की कार्यवाही हो ताकि सड़क बाधित न हो।

जिला कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय हो, गांव मे एहतियात के लिये मुनादी कराएं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना दबाव का क्षेत्र अगले कुछ घंटों में चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है।इस दौरान हवा की गति 115 से 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है।

चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 29 अक्टूबर तक भारी वर्षा की संभावना



28 और 29 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना

चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में 25 अक्टूबर से वर्षा की गतिविधियां बढ़ सकती हैं। विशेष रूप से 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखने, मौसम संबंधी चेतावनियों की निरंतर निगरानी करने, राजस्व, पुलिस, नगर निगम, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत एवं अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखने के निर्देश दिये हैं। वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों में रोग एवं कीटों के लक्षण दिखाई देने पर मौसम साफ होने के बाद ही आवश्यक कीटनाशकों अथवा कवकनाशकों का छिड़काव करने की सलाह दी है। आगामी दिनों में रबी फसलों की बुवाई करने वाले किसानों को भी मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बुवाई का कार्य नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ करने का सुझाव दिया गया है।

किसानों और पशुपालकों के लिए विशेष सलाह

सब्जी एवं फल उत्पादक किसानों को भी विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार चक्रवाती प्रभाव से तेज हवा चलने की संभावना को देखते हुए लता वाली सब्जियों, विशेषकर करेला एवं लौकी जैसी फसलों के लिए सहारे की व्यवस्था करें। केले के पौधों एवं फलदार वृक्षों को भी आवश्यकतानुसार सहारा दें। सब्जियों के खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें तथा बारिश के दौरान कीटनाशकों एवं कवकनाशकों के छिड़काव से बचें। पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे अपने पशुओं को सुरक्षित एवं सूखे स्थानों पर रखें। तेज हवा और बारिश की संभावना को देखते हुए पशुओं को पेड़ों के नीचे अथवा खुले स्थानों पर बांधने से बचें। पशुओं के लिए सूखे चारे एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।

खबर संक्षेप

दिवाकर फिर बने छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति की कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों की बैठक रविवार को अग्रोहा कॉलोनी स्थित वर्तमान अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के निवास पर हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों और संरक्षकों ने दिवाकर तिवारी को अगले कार्यकाल के लिए पुनः अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा। उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों और आजीवन सदस्यों ने प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति जताई। बैठक में श्री तिवारी को अक्टूबर 2026 से अक्टूबर 2029 तक के कार्यकाल के लिए समिति का अध्यक्ष चुना गया।

वाल्मीकि सभागार में मनाई शरद पूर्णिमा

रायपुर। जैन संत परंपरा के इतिहास में अद्वितीय संयोग एवं पावन बेला में राजधानी रायपुर की धर्मप्राण नगरी में आयोजित दो दिवसीय भव्य एवं ऐतिहासिक 'शरदोत्सव वर्ष 2026 मनाया गया। यह कार्यक्रम रविवार को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के वाल्मीकि सभागार में किया गया। इस मौके पर सकल दिगम्बर जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष संजय नायक जैन एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया कि यह महामहोत्सव इस दृष्टि से अत्यंत विशिष्ट और वंदनीय रहा, क्योंकि इसी पावन तिथि शरद पूर्णिमा पर युगदीपक, समाधिस्थ राष्ट्रसंत आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं वर्तमान परंपराचार्य आचार्य 108 समय सागर महाराज का एक ही पावन तिथि पर अवतरण दिवस (प्रकटोत्सव) है। गुरुद्वय के इस पावन अवतरण को समूचा जैन समाज 'गुरुद्वय अवतरण महापर्व' के रूप में मना रहा है।

निधन

गोवर्धन प्रसाद वर्मा

बलौदाबाजार। सेवानिवृत्त जल संसाधन विभाग के अधिकारी गोवर्धन प्रसाद वर्मा 72 वर्ष का 26 अक्टूबर को रायपुर में निधन हो गया। वे प्रहलाद वर्मा, जोहन वर्मा एवं बोधन वर्मा के बड़े भाई तथा नरेंद्र वर्मा एवं धर्मेंद्र वर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया।



अंबुजा विद्यापीठ में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों की छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार तथा तालुका विधिक सेवा समिति भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में रवान स्थित अंबुजा विद्यापीठ में अखिल भारतीय विद्यालय जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, बाल संरक्षण कानूनों तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक करना था।

इसमें विद्यालय के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश विवेक कुमार गर्ग उपस्थित रहे।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलंटियर प्रीतम बंजारे एवं अजय कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को विधिक सहायता की उपलब्धता और जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त करने के संबंध में जानकारी देने में सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय एवं विद्यालय के शिक्षककगणों ने मुख्य अतिथि न्यायाधीश विवेक कुमार गर्ग सहित उपस्थित न्यायिक अधिकारियों और विधिक सेवा समिति की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।



पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों की दी जानकारी

मुख्य अतिथि न्यायाधीश विवेक कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) तथा विभिन्न बाल अधिकारों की जानकारी सरल एवं व्यावहारिक भाषा में दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सजगता अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बच्चों को किसी भी अनुचित व्यवहार या अप्रिय स्थिति में बिना भय के अपने अभिभावकों, शिक्षकों, कानून और संबंधित प्रशासनिक तंत्र की सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या को छिपाने के बजाय जिम्मेदार व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

पांच थीम के माध्यम से किया विधिक मार्गदर्शन

शिविर में विभिन्न कानूनी विषयों पर पांच अलग-अलग थीम के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। थीम-3 के अंतर्गत कु. प्रज्ञा शुक्ला तथा थीम-5 के अंतर्गत ओंकार जायसवाल ने विद्यार्थियों का विधिक मार्गदर्शन किया। वहीं, थीम-4 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रतिनिधि अर्चना वैष्णव ने विभाग की विभिन्न सुरक्षात्मक योजनाओं, नियमों और बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी।

साइबर सुरक्षा और कानूनी अधिकारों से



सिमगा। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल विश्रामपुर में सुरक्षित बचपन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालक एवं बालिकाओं को उनके सुरक्षित बचपन हेतु जागरुता और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जिला सेवा प्राधिकरण पैरालीगल वॉलिंटियर अजय शर्मा के द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बच्चों को मोबाइल का सही तरीके से सदुपयोग करने की सलाह दी गई। जिला सेवा प्राधिकरण से न्यायिक मजिस्ट्रेट योग्यता जांगड़े के द्वारा बच्चों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने भी छात्र छात्राओं को कानूनी जानकारी दी।सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रभारी रीना महतो ने सुरक्षित बचपन के बारे में बच्चों को अपनी शिक्षा के साथ-साथ अपनी सुरक्षा की जानकारी को विस्तार पूर्वक बताते हुए पोक्सो एक्ट ओर नाबालिक बच्चों को बाल श्रम न करने और बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई। चाइल्ड लाइन प्रफुल सोनवानी और राकेश वर्मा के द्वारा बच्चों को टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 साइबर सुरक्षा नंबर 1930, आपातकालीन नंबर 112,की जानकारी दी। सखी वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर मोहिनी साहू ने सखी में मिलने वाली पांच सहायता महिला पीड़ितों को अस्थाई आश्रय, कानूनी सहायता, और मनोवैज्ञानिक परामर्श, पुलिस सहायता, के साथ-साथ चिकित्सीय सहायता, की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

छात्र-छात्राओं को बताए कानूनी अधिकार और सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के 60 विद्यालयों में 26 से 31 अक्टूबर तक शिविर आयोजित कर छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और बच्चों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार की अध्यक्ष विनीता वार्नर एवं सचिव आलोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुरू किए गए इस अभियान के प्रथम दिन 26 अक्टूबर को जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में शिविर आयोजित किए गए। इनमें न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को सरल भाषा में कानूनों की जानकारी देते हुए बच्चों को जागरूक और सुरक्षित रखने के उपाय बताए। अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिश्रामपुर (सिमगा) में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती योगिता जांगड़े, अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल, लाहोद (लवन) में न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमारी श्रेया उरमालिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोहतरा (कसडोल) में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री श्वेता मिश्रा तथा भारती विद्यापीठ स्कूल, रवान (भाटापारा) में न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमारी सारिका नंदे ने शिविर लेकर बच्चों को जागरूक किया।

इसी क्रम में गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, बलौदाबाजार में न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमारी पूजा चंद्रा तथा अंबुजा विद्यापीठ, रवान में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्री विवेक गर्ग ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।



बच्चों को बताए अधिकार और सुरक्षा के उपाय

शिविरों में बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो), साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा, यातायात नियम, बाल अपराध, बाल श्रम निषेध और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बच्चों को अनुचित व्यवहार की पहचान करने तथा ऐसी किसी भी स्थिति में बिना डर के अपने अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने बच्चों को समझाया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में चुप रहने के बजाय सहायता लेना जरूरी है। इसके लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और नालसा विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। शिविरों में पैरा लीगल वालंटियर्स के साथ संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

24 पौवा अवैध शराब जब्त, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस की कार्रवाई जारी है। ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत पुलिस ने देवारपारा स्थित नसीब ढाबा के पीछे अवैध रूप से देशी शराब बेचने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से 24 पौवा देशी मदिरा मसाला और शराब बिक्री की रकम जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 2,700 रुपये बताई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि तिल्दा-नेवरा के देवारपारा स्थित नसीब ढाबा के पीछे एक महिला अवैध रूप से बिक्री के लिए देशी शराब रखे हुए है। सूचना पर तिल्दा-नेवरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान श्रीमती बसंती देवार (40 वर्ष), पति आराना देवार, निवासी देवारपारा, तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर के कब्जे से शेरा कंपनी की देशी मदिरा मसाला के 24 पौवा बरामद किए गए। जब्त शराब की कीमत 2,400 रुपये और बिक्री की रकम 300 रुपये बताई गई है। इस तरह पुलिस ने कुल 2,700 रुपये की सामग्री जब्त की। मामले में महिला के विरुद्ध धारा 34(1)(ख), आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत की जा रही कार्रवाई से अवैध शराब और नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों पर पुलिस की सख्ती सामने आई है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।



राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 28 तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है। विद्यार्थी अब इसके लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत अधिसूचना मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

किसानों की फसल सुरक्षा एवं सिंचाई समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

जिला पंचायत सदस्य महेंद्र (मोनू) साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पथारछुआ में किसानों की फसल खराब होने एवं सिंचाई संबंधी समस्याओं को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए फसलों को नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने, किसानों के खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने तथा फसल नुकसान की स्थिति में नियमानुसार मुआवजा दिलाने के संबंध में अधिकारियों से आग्रह किया गया। साथ ही, नहर में सीसी लाइनिंग निर्माण कार्य कराने की मांग भी रखी गई, ताकि सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और भविष्य में किसानों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। इस संबंध में कलेक्टर साहब के नाम से जिला प्रशासन के अधिकारी श्री ए आर टंडन जी से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही, अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम दीपक निकुंज से भी संपर्क कर किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु चर्चा की गई। अधिकारियों से नहर लाइनिंग कार्य को बजट में शामिल कराकर स्वीकृति दिलाने की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसडीओ नागपुरे, इंजीनियर डिकेश्वर साहू सहित ग्राम के किसानगण उपस्थित रहे।

किसानों का हित, उनकी फसलों की सुरक्षा और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने तथा फसल नुकसान की स्थिति में नियमानुसार राहत दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से निरंतर समन्वय एवं प्रयास जारी रहेंगे। महेंद्र मोनू साहू ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विभागीय मंत्री से आग्रह किया है कि उक्त कार्य को बजट में जोड़कर जल्द स्वीकृति दिलाने की मांग की गई है।

न सड़कें चौड़ी न जाम से राहत, 7 सड़कों का चौड़ीकरण, 127 करोड़ का प्रावधान

शहरी सरकार के बजट में रायपुर शहर को जाम से राहत की घोषणा, 7 माह बाद भी काम हवा-हवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में सकरी सड़क मार्ग के कारण जाम की स्थिति बन रही है, उन्हें सुधारने के लिए शहरी सरकार ने अपने निगम बजट 2026-27 में 7 सड़कों के चौड़ीकरण और निर्माण के लिए 127 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा।

दावा ये किया गया कि निगम के इस फैसले से शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा साथ ही वैकल्पिक मार्ग विकसित होंगे और प्रमुख इलाकों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगा। जिन क्षेत्रों में यह काम प्रस्तावित है , वहां बीते कुछ वर्षों से आबादी और यातायात दोनों तेजी से बढ़े हैं, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही

इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की योजना

केनाल रोड 2.0

कलर्स मॉल के पीछे से भाठागांव मार्ग तक 4.5 किलोमीटर तक सड़क निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे एनएच 53 पर ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, साथ ही नई कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।



मनुआस रियलिटी से महादेवघाट तक मार्ग

2.1 किलोमीटर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इससे रायपुरा से महादेवघाट रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को सुगम आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होता।

कचना क्रॉसिंग से सेंट जेवियर होते हुए वीआईपी रोड तक सड़क चौड़ीकरण

यह मार्ग कचना, अवंतिविहार, खम्हारडीह को सीधे जीई रोड और वीआईपी रोड से जोड़ेगा, जिससे आंतरिक मार्गों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। पर सड़क चौड़ीकरण संबंधी कार्य अभी तक नहीं होने से इसका लाभ शहरवासियों को नहीं मिल पाया है।

पंडरी कपड़ा मार्केट से सीधी सड़क पंडरी मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण

इसके लिए 4 करोड़ रुपए का प्रावधान निगम बजट में किया गया है। इस मार्ग के निर्माण से कपड़ा मार्केट क्षेत्र में यातायात के दबाव में कमी आएगी।

आमापारा चौक से हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सड़क चौड़ीकरण

शहर के आमापारा चौक से लाखे नगर हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सड़क चौड़ीकरण की योजना है इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे आमापारा, सारथी चौक, लाखे नगर क्षेत्रों आए यातायात के दबाव में की आएगी।

टाटीबंध से आरडी तिवारी स्कूल सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण

टाटीबंध से आमापारा के पंडित आरडी तिवारी स्कूल तक के सड़क चौड़ीकरण करने और सौंदर्यीकरण के लिए बजट में 18 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य होने से इस मार्ग में सुगम आवागमन की सुविधा लोगों को मिलने लगेगी।

एसएमसी हॉस्पीटल से ब्रम्हाकुमारी मुख्य मार्ग सड़क चौड़ीकरण

मोवा क्षेत्र स्थित एसएमसी हॉस्पीटल से ब्रम्हाकुमारी मुख्य मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण और पुलिया निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इस मार्ग का निर्माण होने से शंकरनगर, मोवा, दलदल सिवनी, सड्डू और कचना क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा।

खबर संक्षेप

नाट्य मंचन से जीवंत किए चारों दादा गुरुदेव के जीवन प्रसंग

रायपुर। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में रविवार को 'जिन शासन के सितारे, दादा गुरुदेव हमारे' भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाज के बालक-बालिकाओं ने चारों दादा गुरुदेव के जीवन प्रसंगों, साधना और आध्यात्मिक आदर्शों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम मुनि संवेगरत्न सागरजी की पावन निश्रा में हुआ। रविवार सुबह बैंड बाजे के साथ श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय से शोभायात्रा पटवा भवन पहुंची। धर्मसभा में बच्चों ने नाट्य मंचन के माध्यम से दादा गुरुदेव के जीवन और गुरु भक्ति के प्रसंगों को प्रस्तुत किया। समापन पर पटवा भवन में साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन हुआ। जसराज लूनिया और सुरेश बरड़िया ने बताया कि ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में शाश्वत नवपद ओली की अराधान के तहत जारी आयम्बिल तप के बाल तपस्वी 12 वर्षीय अर्हम बाफना का चातुर्मास समिति ने सम्मान किया।

कैबिनेट आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिपरिषद की बैठक 27 अक्टूबर को आयोजित की गई है। यह बैठक मंगलवार की सुबह 11:30 बजे महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर में होगी। कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी सीजन 2026-27 व एक नवंबर से होने वाले राज्योत्सव सहित कर्मचारी संगठनों की मांग पर बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

पेज 9 के शेष

जिले के प्रतिभावान

6 नवंबर 2026 तक अपने संबंधित बीईओ (खण्ड शिक्षा अधिकारी) कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 22 नवम्बर को होगी। प्रवेश परीक्षा मे मेरिट के आधार पर अंतिम चयन होगा और कोचिंग कक्षाएं 7 दिसम्बर से शुरू होगी। कोचिंग सेंटर लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार को निर्धारित किया गया है जहां प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के विषय विशेषज्ञ द्वारा दी जाएगी।यहां चयनित छात्रों को निःशुल्क कोचिंग के साथ शिक्षण सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिले के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र और इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस बेहतरीन अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। समय सीमा के भीतर अपना आवेदन बीईओ कार्यालय में जमा कराएं, ताकि प्रवेश परीक्षा और आगामी कोचिंग प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

दुर्ग और राजनांदगांव ...

लिया गया है, जिन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके अलावा, पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाने और जान से मारने का प्रयास करने के आरोप में थाना सिटी कोतवाली में पृथक से गंभीर धाराओं के तहत भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

दो किलो गांजा ...

में मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवारपारा स्थित एक खंडहर भवन के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति ने प्लास्टिक की बोरी में गांजा और प्रतिबंधित नशीली टेबलेट छिपाकर रखी है। आरोपी कथित तौर पर नशीले पदार्थों की बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। विधिसम्मत तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 2 किलो गांजा, 30 नग नशीली टेबलेट और एक बटनदार गुप्तीनुमा चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 1 लाख 12 हजार रुपये बताई है।

महिला सरपंच से ...

वहीं, महिला सरपंच के विरुद्ध भी कार्रवाई किए जाने की जानकारी पर चिंता जताते हुए दोनों पक्षों के मामलों की निष्पक्ष समीक्षा की मांग की गई है।ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से घटना की निष्पक्ष जांच कराने, मेडिकल रिपोर्ट, गवाहों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित धाराओं में कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही महिला सरपंच के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की भी समीक्षा कर कानून के अनुसार निर्णय लेने तथा पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। संघ ने कहा कि निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार की घटना के आरोप गंभीर हैं। मामले में निष्पक्ष जांच और न्यायोचित कार्रवाई से महिला जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। ज्ञापन में सरपंच संघ के अध्यक्ष डेनिस साहू, उपाध्यक्ष प्रमिला वर्मा, सचिव अर्चना घृतलहरे, सहसचिव रोशनी मांझी, कोषाध्यक्ष रमा सहित संरक्षक अजय गर्ग, मोहन बंजारे, संयोजक जामवंतीन साहू एवं गोमती साहू तथा मीडिया प्रभारी मधु और गोलू साहू के नाम शामिल हैं।

यात्रा : 28 अक्टूबर को गिरौदपुरी धाम पहुंचेगी यात्रा, चलेगा स्वच्छता व नशा मुक्ति अभियान

मुंगेली से गिरौदपुरी धाम जा रही सतनाम संदेश पदयात्रा का अर्जुनी में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



सतनाम पंथ के संदेश,सामाजिक एकता और बाबा गुरु घासीदास के विचारों और मनखे मनखे एक समान की नारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई सतनाम संदेश पदयात्रा का पांचवा वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। 23 अक्टूबर को सुबह 9 बजे मुंगेली स्थित सतनाम भवन से शुरू हुई यह पदयात्रा 25 अक्टूबर को बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी पहुंची, जहां पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा के पहुंचने पर सतनाम समाज के लोगों के अलावा अन्य समाज के लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव सरपंच संघ उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले सहित बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने पदयात्रियों का स्वागत कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।

मुंगेली से गिरौदपुरी धाम तक की पदयात्रा :

सतनाम संदेश पदयात्रा की शुरुआत 23 अक्टूबर को मुंगेली के सतनाम भवन से हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पदयात्रा तीसरे दिन 25 अक्टूबर की दोपहर ग्राम अर्जुनी पहुंची। जहां स्वागत सत्कार के बाद पदयात्रा अपने अगले पड़ाव रात्रि विश्राम के लिए बलौदाबाजार रवाना हुई। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु युवा बुजुर्ग उत्साह और उमंग के साथ सतनाम संदेश लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों सत्य समानता और मानवता के संदेश को समाज तक पहुंचाना है।

28 अक्टूबर को गिरौदपुरी धाम पहुंचेंगे पदयात्रा : सतनाम संदेश पदयात्रा 28 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र गिरौदपुरी धाम पहुंचेगी। यहां पहुंचकर पदयात्री जोक नदी और मुख्य मंदिर के पास में स्वच्छता एवं नशा मुक्ति अभियान चलाएगा उसके बाद दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक गिरौदपुरी धाम दर्शन एवं बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना करेंगे और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे।

मुंगेली से निकली सतनाम पदयात्रा का लवन में स्वागत

बगबुड़ा। गुरु घासीदास बाबा के दर्शन और आशीर्वाद लेने निकले श्रद्धालु, लवन में विश्राम के बाद गिरौदपुरी धाम के लिए हुए रवाना। गुरु घासीदास बाबा के प्रति आस्था और श्रद्धा का भाव लेकर मुंगेली से निकली सतनाम पदयात्रा आज चौथे दिन लवन पहुंची, जहां पदयात्रियों ने विश्राम के लिए पड़ाव डाला। लवन पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया।पदयात्रा में शामिल श्रद्धालु गिरौदपुरी धाम पहुंचकर गुरु घासीदास बाबा की तपोभूमि में मत्था टेकेंगे और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सतनाम पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल है। पदयात्री सतनाम पंथ के संदेश को आत्मसात करते हुए अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहे हैं। गिरौदपुरी धाम पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास के दर्शन करने और उनके बताए सत्य, अहिंसा, समानता तथा मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लेने की भावना के साथ श्रद्धालु आगे बढ़ रहे हैं। लवन में पदयात्रियों के पड़ाव से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण देखने को मिला।





मुंडा में सतनाम संदेश पदयात्रा का स्वागत

मुंडा। बलौदाबाजार जिले से 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित मेंन रोड मुंडा ढनढनी मोड़ के पास सतनाम संदेश पदयात्रा दल की भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ फूल माला से किया गया। स्वागत के बाद जलपान की व्यवस्था किया गया यह सतनाम संदेश पदयात्रा लगातार 6 वर्षों से किया जा रहा है। शंकर बंजारा ने बताया कि प्रथम वर्ष शुरुआत कम संख्या में किया गया था जो की हर वर्ष भारी संख्या में इस पदयात्रा में लोग शामिल हो रहे हैं। इस सतनाम संदेश पदयात्रा का मूल उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना मानव मानव एक समान पूरा मानव समाज को सफेद झंडा के नीचे रहकर शांति प्रिय भाईचारा बनाना मूल उद्देश्य है जिसमें हजारों की संख्या में पदयात्रा में शामिल शंकर बंजारा, चेतन कुर्रे, डोमन, सोनवानी कुमार, कूमान ओगरे, विक्की अनंत, जवाहर कौशल, पंडित चेतन कुर्रे, ओकार कुर्रे, मोहित नवरंगे, स्वागत उत्सूक सरपंच प्रतिनिधि दुकालू बंजारे, प्रगतिशील सतनामी समाज जिला कार्यकारिणी पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र खूटे, वरिष्ठ मनसंचालक दिनेश चेलक, गोपी बंदे, राजू जांगड़े, राजकुमार कोसले, ऋतिक मिरी, लकी, जागराम, हर्ष धतलहरे, पवन, भूषण खूटे, मयंक खूटे, जनक बंदे, परविद जांगड़े, मनोहर जोशी, कमल रात्रे, शुक्ला पुरैना, हेमंत धतलहरे, शिव चतुर्वेदी संहित आसपास के लोग सम्मिलित रहे।

महर्षि वाल्मीकि व मीरा बाई को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम वटगन स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में महर्षि वाल्मीकि एवं संत शिरोमणि मीराबाई जी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा भावना फेकर ने महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई जी का अत्यंत आकर्षक व मनमोहक छायाचित्र (स्केच/चित्र) बनाया, जिसकी उपस्थित सभी शिक्षकों और सहपाठियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दोनों महान विभूतियों के जीवन दर्शन से अवगत कराया। शिक्षकों ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि पूर्व में डाकू रत्नाकर थे, लेकिन देवर्षि नारद मुनि से 'राम' नाम का महामंत्र प्राप्त होने के बाद उन्होंने हिंसा का मार्ग त्याग दिया और कठोर तपस्या कर महान ऋषि व महाकाव्य रामायण के रचयिता बने। वहीं संत मीराबाई का जन्म राजसी महलों में होने के बावजूद उन्होंने राजसी सुख-सुविधाओं का त्याग कर अपना संपूर्ण जीवन भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और साधना में समर्पित कर दिया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बीएल ढीढी, व्याख्याता एमके वैष्णव, रेखा वर्मा, टीके साहू, रेणुका मैडम, प्रदीप साहू, सलीना खरे, हेमलता वर्मा, नेहा यादव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेंशनर्स संघ ने प्रतिभाओं का किया सम्मान सजी भजन संध्या और काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सम्मान, भक्ति संगीत एवं सरस काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में अरुण छाबड़ा बंटी का भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य के सदस्य बनने पर, परिचय मिश्रा का 20 वें अंतरराष्ट्रीय एशियाई कुराश गेम जापान में निर्णायक के रूप में आमंत्रित किए जाने पर एवं कन्हैया साहू का 2026 में राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत किए जाने पर साल, प्रतीक चिन्ह एवं गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम के पश्चात पेंशनरों एवं नगर के भजन गायकों के द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। अंत में अंचल के साहित्यकारों के द्वारा सरस काव्य पाठ किया गया। इस मधुरिम एवं गरिमा पूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका रहे। अध्यक्षता अरुण छाबड़ा बंटी सदस्य भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आलोक मोदी संचालक मोदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं विनोद मोदी प्रसिद्ध भजन गायक उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा गोपियों के साथ भगवान श्री कृष्ण, बजरंगबली एवं मां शारदे की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने स्वागत भाषण के साथ भगवान की संगीतमय /"मधुराष्टकम्/" के द्वारा स्तुति प्रस्तुत किया। अन्य लोगों में सेवाराम वर्मा, बाबूलाल निषाद, मोहनलाल वर्मा, आलोक मोदी, विनोद मोदी, हेमा खेतीहर आदि ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के बाद अंचल के साहित्यकारों अजय साहू अमृतांशु,कन्हैया साहू, राज गुप्ता, डॉ. कमलेश सेन अर्जुनी, वंदना गोपाल शर्मा, रमेश कुमार वर्मा, स्वर्णलता त्रिवेदी, मनीराम साहू, हेतराम कुर्रे, गिरधारी लाल वर्मा, शालिकराम साहू एवं कृष्ण कुमार वर्मा ने सरस काव्य पाठ कर शरद पूर्णिमा के इस महापर्व में चार चांद लगा दिए। काव्य गोष्ठी का संचालन अजय साहू ने किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि अश्वनी शर्माने शरद पूर्णिमा की सार्थकता के अंतर्गत सम्मान, भजन कीर्तन एवं सरस काव्य गोष्ठी जैसे कार्यक्रम आयोजन के लिए पेंशनरों की प्रशंसा करते हुए उनकी सक्रियता को नमन किया।

श्री राम चौक छड़िया में मनाई गई शरद पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



ग्राम पंचायत छड़िया के श्री राम चौक में शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राम चौक में उत्सवी माहौल रहा और ग्रामवासियों ने एकजुट होकर पर्व की खुशियां साझा कीं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े इस पर्व ने आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया। शरद पूर्णिमा हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखने वाला पर्व है। मान्यता के अनुसार, इस रात्रि में चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ दिखाई देता है। शरद ऋतु की सुहानी रात और चंद्रमा की शीतल चांदनी इस पर्व की सुंदरता को और बढ़ा देती है। श्री राम चौक में आयोजित इस पर्व के अवसर पर ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर हेमराज वर्मा, जीतराम वर्मा, खूबी वर्मा, अजय वर्मा, दिलीप वर्मा, राकेश वर्मा, अशोक वर्मा, देवनारायण वर्मा, भागीरथी वर्मा, मिथलेश वर्मा, राम कुमार वर्मा, भूमिका, लता, मेघा, सुमन एवं खिलेश सहित श्री राम चौक के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शरद पूर्णिमा के पर्व को उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया। श्री राम चौक में आयोजित शरद पूर्णिमा का यह पर्व धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बना। इस प्रकार के आयोजन ग्रामवासियों के बीच आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं तथा गांव की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में योगदान देते हैं।

समिति प्रबंधकों को ई-टोकन से खाद वितरण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार, कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक विक्रय के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी तारतम्य में जिले के समस्त 168 सहकारी समितियों के अधिकारी कर्मचारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये मोबाइल एप फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल के माध्यम से किसान अपना किसान आईडी या अधार नंबर को वेरीफाई कराकर पंजीकृत रकबा, खसरा में फसल की जानकारी इंद्राज कर अनुशंसित उर्वरक का फत आधारित टोकन प्राप्त कर सकते है जिसकी वैद्यता 2 दिवस रहेगी। संबंधित समिति या निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों में टोकन को स्कैन कराकर निर्धारित उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। इससे उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और वास्तविक किसानों को समय पर खाद मिल सकेगा। प्रशिक्षण में कृषि विभाग से सहायक भू संरक्षण अधिकारी एन के भारद्वाज, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं उमेश गुप्ता, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक जीएन साहू, एवं सहकारी समितियों के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

कटगी में फल-फूल रहा अवैध शराब और चखना का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगी

आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में अवैध शराब की बिक्री और चखना कारोबार को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में गली-मोहल्लों अवैध बिक्री से लेकर सर्वा मोड़ और ग्रामीण बैंक के आसपास खुलेआम दारू और चखना परोसने का सिलसिला लगातार जारी है। इससे गांव का सामाजिक वातावरण प्रभावित होने के साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, एक समय अपनी शैक्षणिक गतिविधियों और आदर्श पहचान के लिए प्रसिद्ध ग्राम कटगी में अब शराब की अवैध बिक्री चिंता का विषय बनती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय आने-जाने वाले रास्तों के आसपास शराब और चखना की उपलब्धता से विद्यार्थियों के सामने भी असहज परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। वहीं, महिलाओं को भी इन स्थानों से गुजरने में परेशानी होने की बात सामने आ रही है। गांव में शराब की कथित अवैध बिक्री को लेकर ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटनाओं और आपराधिक गतिविधियों पर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि इस प्रकार की गतिविधियों पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई, तो इसका असर गांव की शांति, सुरक्षा और सामाजिक वातावरण पर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम कटगी में अवैध शराब की बिक्री और नियमों के विरुद्ध चखना कारोबार की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, विद्यालयों के आसपास और सार्वजनिक मार्गों पर ऐसी गतिविधियों की निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि विद्यार्थियों, महिलाओं और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह ने कहा की अवैध शराब के मामले में विभाग बहुत सख्ती से पेश आ रही है। करवाई चल रही है।

- गली-मोहल्लों से लेकर सर्वा मोड़ तक खुलेआम बिक्री का आरोप



विसर्जन कुंड के चारों ओर लगा ढांचों का ढेर कुंड से गंदा पानी निकालने मोटर पंप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरभर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्य पूरा होने के बाद भी रायपुरा के महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनवाए गए विसर्जन कुंड के चारों तरफ किनारे में ढांचों का ढेर लग गया है, जिसमें बांस की खपच्ची, सजावट में प्रयुक्त सामग्री, पैरा, रस्सियां सहित विसर्जन के दौरान छोड़ी गई अन्य तरह की सामग्री यहां-वहां बिखरी पड़ी है। नगर निगम जोन-8 कमिश्नरी ने विसर्जन कुंड से गंदा पानी बाहर निकालने स्थल पर मोटर पंप लगाकर पानी खींचने का काम शुरू कराया है। पानी बाहर निकालने के बाद बाद कुंड की तलछटी की गंदगी को साफ कर खारुन नदी का स्वच्छ पानी इसमें भरा जाएगा। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने अनुबंधित ठेकेदार को कर्मचारी लगाकर कुंड के आसपास जमा ढांचों के ढेर को वहां से हटाकर सुरक्षित परिवहन कराने निर्देशित किया है।

राजधानी में 20 से 24 अक्टूबर तक महादेवघाट के विसर्जन कुंड में 1100 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ी मात्रा लकड़ियों से बने ढांचे, मिट्टी, पूजन सामग्री सहित अन्य तरह के अवशेष कुंड स्थल के आसपास छोड़ने से इन दिनों वहां ढांचों का ढेर और गंदगी बिखरी हुई है, जिसे अभी साफ नहीं किया गया है। इसी ढेर में आसपास के बच्चे अपने काम की सामग्री ढूंढते देखे जा सकते हैं।



प्राकृतिक खेती और दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने पर दिया जोर, बांटे गए किचन गार्डन किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम सेमराडीह में कृषि विभाग एवं अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदीह के सीएसआर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'खेती बचाओ अभियान' एवं 'आत्मनिर्भर दलहन मिशन योजना' के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 70 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, दलहन-तिलहन फसलों के उत्पादन, जल संरक्षण और शासन की कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी आशाराम वर्मा उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके पटेल ने आत्मनिर्भर दलहन मिशन की विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शिव कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली लाभकारी फसलों को अपनाने की अपील की। मुख्य प्रशिक्षक एसआर हिरवानी (एडीओ) ने प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और एकीकृत कीट प्रबंधन की तकनीकों के बारे में बताया। वहीं, सहायक तकनीकी प्रबंधक मिथिलेश लहरे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी, भू-अभिलेख अद्यतन तथा समय पर योजना का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई।

मराडीह में आयोजित हुआ कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम



टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने की अपील

प्रशिक्षण के दौरान किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने रबी सीजन में दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने की अपील की। ग्राम पंचायत सेमराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अल्ट्राटेक प्रबंधन, कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों और किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अल्ट्राटेक सीएसआर, कुकुरदीह के दया राम वर्मा, कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषक मित्रों तथा ग्राम के किसानों का विशेष योगदान रहा।

खबर संक्षेप



सेवा सेतु केंद्र से कम समय में मिला विवाह प्रमाण पत्र

बलौदाबाजार। शासन की जनकल्याणकारी पहल के तहत संचालित सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों को आवश्यक शासकीय सेवाएं सरलता और कम समय में उपलब्ध कराने में सहायक साबित हो रहा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत लवन की हितग्राही प्रमिला कोसले को सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से कम समय में विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। प्रमिला कोसले ने तहसील कार्यालय परिसर स्थित सेवा सेतु केंद्र, नगर पंचायत लवन में विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। उन्हें कम समय में प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया, जिससे आधार कार्ड में अपना नाम सुधरवाने की प्रक्रिया आसान हो गई। समय पर आवश्यक दस्तावेज मिलने से उन्हें काफी सहूलियत मिली। हितग्राही प्रमिला कोसले ने इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाएं सहज, सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री के स्वर्गीय पिता पर कथित अभद्र टिप्पणी निंदनीय

कसडोल। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद और वैचारिक विरोध स्वाभाविक हैं, लेकिन विरोध के नाम पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना और दिवंगत परिजनों को निशाना बनाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। डॉ. मानिकपुरी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र स्वस्थ राजनीतिक संवाद, वैचारिक बहस और जनहित के मुद्दों पर आधारित है। राजनीतिक दलों के बीच नीतियों, योजनाओं और निर्णयों को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करते समय भाषा की मर्यादा और सार्वजनिक जीवन की गरिमा बनाए रखना आवश्यक है।



पर्व : भाटापारा में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

रामायण हमें जीना सिखाती है : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

महर्षि वाल्मीकि जी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने वाल्मिकी समाज एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, विचारों और आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति और साहित्य के महान स्तंभ हैं।

उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर संपूर्ण मानव समाज को सत्य, धर्म, त्याग, करुणा और मर्यादा का संदेश दिया। विधायक इन्द्र साव वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि जी के प्राकट्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साव ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि व्यक्ति अपने विचारों, कर्मों और संकल्पों से महान बन सकता है। उनका जीवन परिवर्तन, ज्ञान और आत्मबोध का अनुपम उदाहरण है। उनके द्वारा रचित रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला ऐसा महाकाव्य है, जिसके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श, माता सीता की सहनशीलता, लक्ष्मण की सेवा भावना और भरत के त्याग जैसे प्रसंग हमें कर्तव्यनिष्ठा, पारिवारिक मूल्यों तथा सामाजिक जिम्मेदारियों का बोध कराते हैं। महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं समाज में प्रेम, सद्भाव, समानता और भाईचारे को मजबूत करने का मार्ग दिखाती हैं। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी के प्राकट्य दिवस पर हमें उनके बताए मार्ग पर चलने, शिक्षा को बढ़ावा देने, समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान करने तथा जरूरतमंदों की सहायता करने का संकल्प लेना चाहिए।



श्रमवीर समाज है वाल्मीकि समाजः सतीश अग्रवाल

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल ने सभी नागरिकों से महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों को अपनाने और सामाजिक एकता एवं सद्भाव को मजबूत बनाने की अपील की और कहा कि जब तक संसार रहेगा तब तक महर्षि वाल्मीकि जी का नाम श्रद्धा और आदर के साथ लिया जाएगा। अग्रवाल ने आगे कहा कि वाल्मीकि समाज एक मेहनत कश समाज है, अपने कार्यों और दायित्वों के प्रति ईमानदारी पूर्वक यह समाज लगातार देश ,प्रदेश और नगर की सेवा करते आ रहा है। विदित हो कि शरद पूर्णिमा की तिथि पर वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा से मनाई जाती है। जयंती के एक दिन पूर्व सामाजिक जनों ने राम जानकी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वाल्मीकि नगर में जाकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के जिला अध्यक्ष एवं नगर पालिका भाटापारा, शक्ति वार्ड के पार्षद प्रत्येक राठौर, नितिन डागौर, संदीप डागौर, अनूप डागौर, कमलेश डागौर, महेषु राठौर, गणेषु डागौर, सूरज, सुभाष, मन्नी सहित समाज के बड़े बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे।

कुथरौद में हुआ राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टीम का चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

21 वें सीनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता रायगढ़ के लिए बलौदाबाजार जिला की महिला एवं पुरुष टीम का गठन किया गया। सिमगा ब्लॉक के ग्राम कुथरौद वॉलीबॉल स्टेडियम में आयोजित ट्रायल चयन के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर किट वितरण किया गया। बलौदाबाजार जिला वालीबाल संघ और एकलव्य स्पोर्ट्स क्लब ग्राम कुथरौद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त चयन ट्रायल में सिमगा, सुहेला, पलारी, भाटापारा आदि स्थानों से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का चयन कर जिला की टीम गठित की गईं जो 12 से 15 नवंबर तक रायगढ़ के एनटीपीसी लारा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी। चयन के उपरांत सौभाग्य फाऊंडेशन रायपुर के द्वारा 12 महिला एवं 12 पुरुष खिलाड़ियों को किट प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई। उक्त आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित जिला बलौदा बाजार वालीबाल संघ के सचिव नितिन पांडे, बलौदाबाजार जिला ओलंपिक संघ के सचिव आदित्य सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहनलाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल, जनपद सदस्य उमा अनंत, बलौदाबाजार जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष सूरज भावनानी, पूर्व अध्यक्ष अमरजीत भाटिया, सरपंच तारण दास अनंत, वरिष्ठ नागरिक चंद्रशेखर पटेल, कोच वीरेंद्र पटेल ने सफल आयोजन एवं चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

आदिवासी समाज सोनाखान तहसील इकाई का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि ग्राम सोनाखान में रविवार, 25 अक्टूबर को सर्व आदिवासी समाज की तहसील इकाई सोनाखान का गठन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव एवं सहदेव गोंड तथा ब्लॉक अध्यक्ष कसडोल तामेश्वर श्रेय की उपस्थिति में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। गठन के तहत विजेंद्र पालेश्वर को तहसील अध्यक्ष, रोहित कुमार ठाकुर को कार्यकारिणी अध्यक्ष, तिलकराम बरिहा को कोषाध्यक्ष, हेमकुमार दीवान को सचिव तथा अमृत दीवान, यशवंत पैकरा एवं शिव ठाकुर को मीडिया प्रभारी बनाया गया। महिला प्रभाग की अध्यक्ष ललित कुमारी भोई, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नंद कुमार पैकरा तथा युवा प्रभाग के अध्यक्ष निरेंद्र कुमार दीवान मनोनीत किए गए। इसके अलावा विभिन्न प्रभागों में उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर भी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज कुंजल दीवान, समाजसेवी दयाराम ध्रुव, युवा संरक्षक कृष्णा ध्रुव, ईश्वर गोंड, दाऊ सिंह गोंड, शिवरीनारायण महासभा अध्यक्ष शिव गोंड, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धू सिंह जगत, रोहित गोंड सहित समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

करवा चौथ 29 को, बाजारों में सजीं पूजन व श्रृंगार की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



पति की दीर्घायु, सुखी दांपत्य जीवन और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं 29 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर जिला मुख्यालय बलौदाबाजार सहित आसपास के ग्रामीण अंचलो में तैयारियां शुरू हो गई है। करवा चौथ के नजदीक आते ही बाजारों में त्यौहार की रौनक दिखाई देने लगी है। दुकानदारों ने भी पर्व को ध्यान में रखते हुए पूजन सामग्री और श्रृंगार के सामानों को सजा कर रखा है। गुरुवार को होने वाले करवा चौथ को लेकर खरीदारी में और तेजी आने की उम्मीद है। करवा चौथ हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र अच्छे स्वास्थ्य और परिवार की सुख समृद्धि की कामना के लिए व्रत रखती है। परंपरा के अनुसार महिलाएं दिनभर उपवास रखकर शाम को विधि विधान से करवा माता की पूजा अर्चना करती है और चंद्रमा के दर्शन के बाद व्रत समाप्त करती है। पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल है। घरों में पूजा की तैयारियो के साथ बाजारों में खरीदारी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। करवा चौथ को देखते हुए बाजारों में पूजन सामग्री और महिलाओं के श्रृंगार से जुड़ी वस्तुओं की दुकाने सज गई है। दुकानों पर चूड़ियां बिंदी मेहंदी और अन्य श्रृंगार सामग्री के साथ पूजा में उपयोग होने वाले मिट्टी के पोरा छलनी दीपक पूजा की थालिया उपलब्ध है। महिलाएं अपनी पसंद के अनुसार पूजा सामग्री और श्रृंगार के सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। त्योहार को देखते हुए दुकानदार गोपाल जायसवाल ने भी अपनी दुकान में विभिन्न प्रकार के सामान रखे हुए हैं ताकि ग्राहकों को एक ही जगह पर जरूरत की सामग्री मिल सके। बाजारों में धीरे-धीरे बढ़ती चहल पहल से व्यापारियों को भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

नवधा रामायण समारोह का शुभारंभ

पलारी। कलश यात्रा के सांथ ग्राम धमनी में नवधा रामायण समारोह का शुभारंभ किया गया सांथ ही महामाई माता व सभी देवताओं को श्री रामचरितमानस यज्ञ में सम्मिलित होने की विनती आमंत्रण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया जिसमे जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा,अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव, वन परिसर रक्षी धमनी आबिद खान, ग्राम युवा अध्यक्ष पीलाराम निर्मलकर, उपसरपंच मिनेंद्र कुमार यादव, बुजुर्ग बिंदराम बाला राम पटेल, अगनु यादव, रामकिशन निर्मलकर,मनी राम पटेल, द्वारका निषाद, रवि पैकरा, रामायण समिति अध्यक्ष द्वोण पटेल, उपाध्यक्ष रायसिंह पैकरा, कतुल पटेल, बहादुर पैकरा, लुकेश्वर पटेल, रूप सिंह धनुहार, मतुलाल, हीरालाल, कुंवर सिंह, भागचंद सहित सभी के गरीमामयी उपस्थिति मे पुरोहित आशीष मिश्रा के द्वारा मंत्रोच्चार अर्चन कराने के बाद नवधा रामायण समारोह के प्रथम मानस मंडली प्रताप सिंह के द्वारा आरती गायन एंव संगीतमय प्रस्तुति से प्रारंभ हुआ।

शिव शंकर अध्यक्ष व अनामिका अक्षर अग्रवाल बनीं महिला मंडल अध्यक्ष





बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज, बलौदाबाजार इकाई द्वारा 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर सामाजिक कार्यक्रम के साथ द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव में शिव शंकर अग्रवाल को समाज की इकाई का अध्यक्ष तथा अनामिका अक्षर अग्रवाल को महिला मंडल का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। महिला मंडल में सरिता संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष, शिल्पा नवनीत अग्रवाल सचिव, संगीता कुलेश्वर अग्रवाल सहसचिव और मंजू अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वहीं गोपिका अग्रवाल, संजू अग्रवाल एवं ज्योति अग्रवाल को संरक्षक बनाया गया। कार्यकारिणी में भावना, रेनू, रंजना, भारती और दुर्गा को शामिल किया गया। शरद पूर्णिमा उत्सव के दौरान सामाजिक मेल-मिलाप के बीच नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से समाज के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने, महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समाज में एकता और आपसी सहयोग को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई गई।

देवरी स्कूल के 295 विद्यार्थियों को बताए बाल अधिकार अधिनियम

विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के लिए पुलिस ने किया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और बाल शोषण से बचाव के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरी में विशेष साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 295 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। शिविर में बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, बाल शोषण से बचाव और साइबर सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य संदेश "जागरूकता, सुरक्षा एवं संरक्षण हर बच्चे का अधिकार" रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि सुरक्षित वातावरण, सम्मान और शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है तथा किसी भी प्रकार के शोषण या अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है।



अपराध से बचने पुलिस ने किया जागरूक

पुलिस विभाग की ओर से पीएसआई शान्ता सिदार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल, इंटरनेट पर अनजान लोगों से सावधानी बरतने तथा ओटीपी, पासवर्ड और निजी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने के बारे में बताया।विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि साइबर अपराध का सामना करने पर उचित माध्यम से शिकायत दर्ज कराना और समय रहते मदद लेना बेहद जरूरी है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दी पॉक्सो कानून की जानकारी

शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण, तिल्दा-नेवरा भावेश कुमार वट्टी ने विद्यार्थियों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो) के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बाल अधिकारों, बाल शोषण से बचाव, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि यदि उनके साथ या उनके आसपास किसी बच्चे के साथ अनुचित व्यवहार होता है, तो चुप रहने के बजाय किसी विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक अथवा संबंधित प्राधिकारी को इसकी जानकारी दें।

रैली और पेंटिंग से दिया बाल सुरक्षा का संदेश

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर की अधिकार मित्र नव्या साहू ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों और संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने "मेरा बचपन, मेरा अधिकार", "बोलो, बताओ, बचाओ", "ना बाल विवाह, ना बाल शोषण" और "कानून जानो, बचपन बचाओ" जैसे नारों के माध्यम से बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली और पेंटिंग गतिविधि के माध्यम से बाल अधिकार, बाल सुरक्षा तथा सुरक्षित बचपन का संदेश दिया। इन गतिविधियों के जरिए बच्चों में रचनात्मकता, सामाजिक जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। साथ ही, बच्चों को उपलब्ध कानूनी सहायता और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

